हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज


भोपाल, शुक्रवार 15 दिसंबर 2023

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का...



07 सिद्ध आश्रम आमाढाना में महंत संजय मेहता...




## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2600 | 4715 |
| गेहूं 1544 | 2360 | 3400 |
| चना | 5000 | 5600 |
| मसूर | 4560 | 5881 |
| सोयाबीन | 3400 | 4854 |
| सरसों | 4950 | 5804 |
| धान | 1750 | 4425 |
| अलसी | 4500 | 4500 |
| मूंग | 2500 | 2500 |
| मक्का | 1960 | 1960 |
| उड़द | 6080 | 6080 |

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण आज होगा

**विदिशा।** मिशन वात्सल्य (समेकित बाल संरक्षण योजना) के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 15 दिसम्बर को आयोजित किया गया है कि जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार कक्ष में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

### सेंट मैरी के गोलू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**विदिशा।** सेंटमैरी पीजी कॉलेज विदिशा के एमएससी फर्स्ट सेम के छात्र गोलू कटारिया ने बरकतउल्लाह भोपाल द्वारा आयोजित सम्भागीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 400 मीटर हर्डल दौड़ मे पहला स्थान प्राप्त किया एवं 5000 मीटर दौड़ मे तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए महाविद्यलाय को गौरवानवित किया,इस अवसर पर संस्था संचालक फॉदर सेल्विन जान, सह संचालक फादर फ्रीजो, प्राचार्य डॉ नलिन थपलियाल, डॉ गिरीश सुर्जन, सिस्टर प्रभावती विभागाध्यक्ष प्रो. दीपा राठौर, स्पोर्ट्स ऑफिसर देवेंद्र नामदेव एवं समस्त स्टॉफ ने बधाई दी।

### रंगोली व स्लोगन प्रतियोगिताएं हुईं

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में ऊर्जा संरक्षण दिवस 14 दिसंबर के अवसर पर पोस्टर, रंगोली एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय की ऊर्जा क्लब के द्वारा किया गया। प्रतिवर्ष 14 दिसंबर को ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है जिसमे की विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा ऊर्जा संरक्षण के बारे में बताया गया। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा पोस्टर, रंगोली एवं स्लोगन के द्वारा ऊर्जा संरक्षण के महत्व को समझाया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ शांता अहिरवार द्वारा किया गया। महाविद्यालय की डॉ मंजू जैन नीता दीक्षित, डॉ ओजस्विनी जौहरी, डॉ सीमा चक्रवर्ती, डॉ सीवी खेस, वसुंधरा गंवादे, किरण जैन, डॉ राजुला अल्बर्ट तथा समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।

### टेस्ट ट्यूब बेबी निशुल्क शिविर का आयोजन

**विदिशा।** गुरवार को भारत भारती संस्कार जैन मंडल द्वारा संतानहीनता निवारण शिविर एवं टेस्ट ट्यूब बेबी निशुल्क शिविर मां कंसल्टेंसी स्वर्णकार कॉलोनी में आयोजित किया गया। डॉक्टर रूपिका गर्ग के मार्गदर्शन में शिविर को संचालित किया गया। शिविर में 15 महिलाओं की जांच की गई। भारत भारती संस्कार जैन मंडल की प्रमुख नीता सराफ ने निशुल्क शिविर के आयोजन के लिए डॉक्टर रूपीका गर्ग का मंडल की ओर से आभार माना। मंडल की सदस्य नीता सराफ विद्युत जैन, सपना जैन नीतू जैन, विभा जैन, प्रीति वाला जैन, साक्षी जैन, ममता जैन का विशेष सहयोग रहा। इस शिविर में नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष ज्योति शाह, भाजपा मध्य प्रदेश प्रवक्ता मंजरी जैन, एसएसएल जैन कॉलेज की प्राचार्य शोभा जैन, पार्षद ज्योति जैन मौजूद रहीं।

विदिशा की पांचों सीटों के विकास के लिए मैं प्रतिबद्ध

### पूर्व सीएम बोले: लखपति बहना के लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी

# मैं पद के लिए नहीं जनता की जिंदगी बेहतर बनाने जी रहा हूं: शिवराज सिंह


### पूर्व सीएम के आते ही महिलाएं रोने लगीं, शिवराज बोले: जनता ही मेरी जिंदगी है, संकल्प पत्र में किए वादे पूरे कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बेतवा तट रंगई स्थित बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर पहुंचे। उनके पहुंचने से दो घंटे पहले मंदिरों पर हजारों की भीड़ उनका इंतजार कर रही थी। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद थीं और जैसे ही सीएम गणेश मंदिर पहुंचे तो महिलाओं ने उन्हे घेर लिया और पूर्व सीएम के गले लगकर महिलाएं जमकर रुंधे गले से फफकने लगीं। उन्होंने सभी को चुप कराया। उन्होंने कहा की अब खूब समय मिल गया है। सबसे मिलूंगा और सबको गले लगाऊंगा। पूर्व सीएम के आते ही महिलाएं भरे गले से रोने लगीं और शिवराज सिंह चौहान से लिपट गईं।

अपने संबोधन में उन्होंने विधायकों को बधाई देते हुए कहा की विधायकों के नेतृत्व में विकास के काम किए जाएंगे। पूर्व सीएम चौहान ने कहा की पूरा मप्र मेरा परिवार है और अंतरआत्मा से है। यह संबंध राजनीति का नहीं है। यह परिवार का रिश्ता अंतिम सांस तक नहीं छूटेगा। पूर्व सीएम ने गणेश मंदिर पर मौजूद सैकड़ों की संख्या में मौजूद महिलाओं को वचन दिया कि जब तक सांस चलेगी तब तक प्रेम और विश्वास की डोर को टूटने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा मेरी हर सांस, एक एक क्षण सेवा के लिए है। विदिशा की पांचों सीटों के विकास के लिए मैं प्रतिबद्ध रहूंगा। बाइक से सीएम ने कहा लाड़ली बहना के बाद लखपति बहना का सफर तय करना है। उसके लिए लगातार काम करुंगा। इसकी ठोस रूपरेखा और रणनीति बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री नहीं हूं तो भी आपके साथ और पीछे खड़ा रहूंगा। मुख्यमंत्री होने के बिना भी बहनों के लिए सब करने में सक्षम हूं। कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

### हजारों लोग जुटे: हमारा सीएम वापस दो के लगे नारे



विदिशा। रंगई स्थित गणेश मंदिर पर शिवराज ने की पूजा, बाहर परिसर में हजारों की भीड़ मौजूद रही।



### सीएम नहीं था तब साइकिल से आता था आज भी आ सकता हूं

*__पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा...__ मैं जब सीएम नहीं था तब भी बेटियों के कल्याण के लिए काम करता था। पांव पांव और साइकिल से आता था। आज भी आ सकता हूं। आपसे मिलने आने के लिए मुझे हेलीकाप्टर की जरुरत नहीं है। लाड़ली बहनाओं से किए वचन पूरे होंगे। क्योंकि बहनाओं का अपूर्ण प्यार मिला है। किसानों से किए वादे भी सरकार पूरे करेगी।*

*पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा -भांजे, भांजी बहनें मेरे प्राण हैं। मैं लगातार उनके संपर्क में रहूंगा। जो योजनाएं हमनें बनाई हैं वह जारी रहेंगी, यह आग्रह में सरकार से करुंगा। पार्टी ने जो फैसला लिया है वह मैंने विनम्रता से स्वीकार किया है। आपकी आंखों में आंसू नहीं आने दूंगा... __नहीं तो मेरा जीवन बेकार है।__ मैं जी ही आपकी जिंदगी बनाने के लिए रहा हूं। आवाज लगाओगे भैया तुम्हारे साथ खड़ा रहेगा। सरकार के पीछे रहकर जो काम हो सकता है वह करुंगा। एक पल भी आपसे दूर नहीं रहूंगा। पूर्व सीएम ने कहा मैं तो जनता के बिना मर जाऊंगा क्योंकि जनता ही मेरी जिंदगी है। रहने की जमीन सबके पास हो, मकान सबके पास हो, लाभकारी मूल्य किसान को मिले, भांजे भांजियों को अच्छी शिक्षा मिले, संकल्प पत्र में जो कहा था वह वादे पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा मेरी बहनें रो रहीं हैं कि भैया को नहीं जाने देंगे। मैं कहीं नहीं जा रहा बहनों के बीच ही रहूंगा। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा की महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय रचना है। भांजे भांजियों का बेहतर भविष्य करना है। मुझे नए मुख्यमंत्री मोहन यादव पर पूरा विश्वास है। मैं खुशियां लाने का भरपूर प्रयास करुंगा। यह प्रण भी करता हूं की जीऊंगा तो आपके लिए और मरना पड़ा तो मर भी जाऊंगा।*

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**विदिशा।** न्यायालय नीलम मिश्रा ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई है। उक्त प्रकरण में पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी दिनेश कुमार असैया द्वारा की गई। 18 मार्च 2022 की रात कीब 11 आरोपी ने नाबालिग का पीछे से हाथ पकड़ा और मुंह बंद कर गेहूं के खेत में ले गया। गलत कृत्य किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। फिर मौसी का लड़का नाबालिग को ढूंढते हुए घर ले आया जहां नाबालिग ने सारी बात पिता को बताई। जिस पर से नटेरन थाना में मामला दर्ज किया गया। न्यायालय में विचारण के बाद पीड़िता व साक्षियों के कथन कराए गए साक्ष्य तथा एडीपीओ दिनेश असैया के तर्क से सहमत होकर दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। पीड़िता को 4 लाख रुपए की प्रतिकर की राशि भी दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### खुला बोरवेल पाए जाने पर एफआईआर कराएं

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिए हैं कि जिले में यदि कहीं खुला बोरवेल पाया जाता है तो एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि बोरवेलों पर निगरानी के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर समितियां गठित की गई हैं। जिस कंपनी के द्वारा बोरवेल खनन किया गया है और वह खुला पाया जाता है तो संबंधित खनन कंपनी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खुले बोरवेल के प्रति जनजागरूकता के उद्धेश्य से ग्राम स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

## अब ध्वनि विस्तारक यंत्र प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अब ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। शासन के निर्देश के बाद आदेश जारी कर दिए गए हैं। धर्म स्थलों में निर्धारित डेसिबल का उल्लंघन करते हुए लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा रहा है। सरकार ने कहा है की शोर से मनुष्य के काम करने की क्षमता, आराम, नींद और संवाद में व्यवधान पड़ता है।



कोलाहल पूर्ण वातावरण के कारण उक्त रक्तचाप, बैचेनी, मानसिक तनाव तथा अनिद्रा जैसे प्रभाव शरीर में पाए जाते हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिल्ली द्वारा मध्यप्रदेश में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक्शन प्लान बनाने एवं लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। विभिन्न क्षेत्रों जैसे औद्योगिक वाणिज्यिक रहीसी व शांत क्षेत्र में दिन वह रात के समय अधिकतम ध्वनि तीव्रता निर्धारित की गई है। आदेश में कहा गया है की प्रत्येक जिले में ध्वनि प्रदूषण के संबंध में शिकायतें प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई की जाए। उपयुक्त संख्या में उड़नदस्तों का गठन किया जाए। जिसमें जिला प्रशासन द्वारा नामित अधिकारी, संबंधित थाने का थाना प्रभारी अथवा उसका प्रतिनिधि और क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नामित अधिकारी को शामिल किया जाए। आदेश में कहा गया है कि उड़नदस्तों द्वारा नियमित एवं आकस्मिक रूप से निर्धारित उपकरणों के साथ ऐसे धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों का औचक निरीक्षण, जहां ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग होता हो तथा प्राप्त शिकायतों के आकस्मिक जांच की जाए तथा नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। उड़न दस्ते द्वारा जांच के निर्देश प्राप्त होने पर तत्काल जांच कर अधिकतम तीन दिवसों के अंदर समुचित जांच प्रतिवेदन संबंधित प्राधिकारी के सक्षम किया जाए। आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा उनके सभी क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात कर्मचारियों को जिलेवार आवंटन कर उनके संपर्क नंबर सहित इसकी सूचना सभी जिला दंडाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाना अपेक्षित है। जिससे जिले में उड़नदस्ते के संचालन में कोई कठिनाई की स्थिति निर्मित नहीं हो सके।

## अस्पताल में जगह - जगह ओवरफ्लो हो रहा सीवेज

### लोग बोले: यहां आकर स्वस्थ व्यक्ति बीमार पड़ जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

इन दिनों जिला अस्पताल बीमारी का घर बना हुआ है। चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ओवर फ्लो होते सीवेज से निकल रही दुर्गंध अस्पताल में आने जाने वालों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह निष्क्रिय दिख रहा है।

लाखों रुपए की लागत से जिला अस्पताल के नए भवन का निर्माण किया गया। लोगों को उम्मीद थी कि इस नए जिला चिकित्सालय में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया होगी, लेकिन इन दिनों जिला अस्पताल में मरीज स्वस्थ होने की जगह बीमार हो रहे हैं। पिछले तीन-चार महीने से जिला अस्पताल परिसर में सीवरेज सिस्टम खराब होने की वजह से कई जगह से सीवरेज ओवरफ्लो हो रहा है। गंदगी के बीच इलाज कराना मरीजों की मजबूरी है। उन्हें संक्रमण का खतरा बना रहता है। कई बार मरीज अस्पताल प्रबंधन से इस बात की शिकायत कर चुके हैं। उसके बाद भी अभी तक प्रबंधन इसका कोई इंतजाम नहीं कर रहा है।जिसके चलते लोगों में नाराजगी है। एक मरीज के साथ हॉस्पिटल पहुंचे कांग्रेसी नेता रवि साहू ने नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द इस समस्या को हल करने की मांग की। पिछले कई महीनों से यह समस्या बनी हुई है, उसके बाद भी प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है।

मरीज के परिजन कैलाश ने बताया कि हॉस्पिटल में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सीवरेज परिसर में बह रहा है। इस गंदगी और बदबू से कोई भी व्यक्ति बीमार हो सकता है। हालांकि इस मामले में सिविल सर्जन से बात करना चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।



विदिशा। जिला अस्पताल में सीवेज को वाइपर की मदद से साफ करते कर्मचारी।

### मामा के घर आई किशोरी ने जहर खाया, मौत

**विदिशा।** कुरवाई में किशोरी ने बीती रात जहर खा लिया। जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मामला कुरवाई तहसील के रोशन पिपरिया गांव की है। किशोरी की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे करवाई स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान लड़की ने दम तोड़ दिया। परिजन जसमन ने बताया कि लड़की के 4 भाई-बहन है। वह सबसे छोटी है। उसने आठवीं तक पढ़ाई की है। कुछ दिन पहले वह अपने मामा के यहां आई थी। मामा के ही घर पर ही उसने जहर खा लिया। किशोरी ने जहर क्यों खाया ? इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर ने गुरूवार को राजस्व कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रम व योजनाओं पर विशेष जोर दिया जाए। कलेक्टर भार्गव ने जिले में 16 दिसम्बर से शुरू होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में प्राप्त निर्देशो का हवाला देते हुए गहन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केन्द्र शासित योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन ग्राम व शहरी स्तर पर किया जाना है अर्थात उल्लेखित योजना के पात्रताधारी योजना के लाभ से वंचित ना रहें। इस यात्रा का प्रमुख उद्धेश्य है। कलेक्टर श्री भार्गव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वरूप को रेखांकित करते हुए कहा कि जिले में 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाली उक्त यात्रा में भारत सरकार द्वारा जिले को आईईसी वेन उपलब्ध कराई जाएगी जो नगरीय निकाय व ग्राम पंचायतो में आयोजित कार्यक्रम स्थलों पर पहुंचकर प्रचार प्रसार करेंगी साथ ही आडियो विजुअल एण्ड ब्रोसर, पेम्पलेट, बुकलेट इत्यादि के माध्यम से सूचना का प्रचार प्रसार करेंगी।

## ग्यारसपुर विकासखंड ने एथलेटिक्स में बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



शिक्षा विभागीय अधिकारी कर्मचारी जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल परिसर में चल रहा है। जिसमें पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान दीपक कुमार सीएम राइस ग्यारसपुर, गोला फेक में प्रथम स्थान कपिल विश्वकर्मा सीएम राइस ग्यारसपुर, भाला फेंक में प्रथम स्थान दीपक कुमार सीएम राइस ग्यारसपुर ने बाजी मारी। वहीं लंबी कूद में प्रथम स्थान सचिन यादव पीएस बिशनपुर सिरोंज ने प्राप्त किया।

महिला वर्ग में गोला फेक में प्रथम स्थान इरफान बानो पीएस टोरी बागरोद सिरोंज , भाला फेक में प्रथम स्थान प्रियंका बामनिया सी एम राइस ग्यारसपुर, लंबी कूद में प्रथम स्थान संगीता विश्वकर्मा सी एम राइस ग्यारसपुर एवं 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान तारा लोधी पीएस टपरा मनिहार सिरोंज ने हासिल किया। इस प्रतियोगिता में विदिशा जिले के सातों विकास खंड से लगभग 35 महिला पुरुष अधिकारी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस प्रतियोगिता में सिरोंज विकासखंड के वरिष्ठ पीटीआई शान मियां, जमशेद खान, अनवारुल्लाह केशव शर्मा, ग्यारसपुर से अंबेश सोनी, जेपी नेमा, गुलाबगंज से हुकुम सिंह सूर्यवंशी, गंजबासोदा से सचिन, वरिष्ठ पीटीआई अविनाश निगम, संतोष चतुर्वेदी, विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी भूपेंद्र शर्मा, राजेंद्र यादव, सर्वेश व्यास के अलावा जिले के विकासखंडों से महिला शिक्षकों ने भारी उत्साह से प्रतियोगिता में भाग लिया। यह जानकारी जिला कीड़ा अधिकारी प्रशांत रघुवंशी द्वारा दी गई।

### 15 से 31 दिसंबर तक अभियान चलाकर की जाएगी कार्रवाई

# अब मांस-मछली खुले में बेचना हुआ प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने गुरुवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक में बताया कि खुले में तथा बिना अनुमति पत्र (लाइसेंस) अथवा लाइसेंस शर्तो का उल्लंघन करते हुए मांस तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध है।

नियमानुसार शर्तो के अधीन विक्रय की अनुमति प्रदाय की जाएगी। इसके लिए निकाय क्षेत्रों में नगरपालिका तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद, ग्राम पंचायत के अधीन प्रावधानो के तहत अनुमतियां प्रदाय की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर भार्गव ने प्राप्त नवीन दिशा निर्देशों का हवाला देते हुए बताया कि नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकाय के अनुमति पत्र (लायसेंस) के बिना पशु मांस तथा मछली के विक्रय नहीं करने का प्रावधान दिया गया है। नगरीय निकायों से अनुमति पत्र प्राप्त किए बिना अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए खुले में या निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त पशु मांस तथा मछली का विक्रय किया जाने के संबंध में उपरोक्त प्रावधानों के अन्तर्गत नगरीय निकायों द्वारा प्रभावी कार्यवाही नहीं की जा रही है, जिसके कारण नगरीय क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर अवैध, नियम विरुद्ध मांस तथा मछली का विक्रय किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा है की समस्त नगरीय निकाय बिना अनुज्ञप्ति के अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए खुले में पशु मांस तथा मछली के विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित करें। अनुज्ञप्ति (लायसेंस) देते समय यह भी सुनिश्चित किया जाये कि दुकान में साफ-सफाई समुचित हो, कचरे का निष्पादन समुचित हो, मांस विक्रय खुले में ना हो तथा दुकानों के सामने अपारदर्शित कांच लगाया जाए। ऐसे व्यक्ति जो अवैध अथवा नियम विरूद्ध बिना अनुमति पत्र के या लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हैं उनके विरूद्ध 15 से 31 दिसंबर तक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2576
उच्चतम भाव-3975
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2249
उच्चतम भाव-3111
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2321
उच्चतम भाव-2442
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5982
मसूर
न्यूनतम भाव-5120
उच्चतम भाव-5730
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-4790
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4350
उच्चतम भाव-4960
सरसों
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-5800
उड़द
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-6850
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4450
मूंग
न्यूनतम भाव-7360
उच्चतम भाव-7360
ज्वार
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-6980
बटरी
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5105
मैथी
न्यूनतम भाव-4550
उच्चतम भाव-4550
मक्का
न्यूनतम भाव-1930
उच्चतम भाव-1930
धना
न्यूनतम भाव-4880
उच्चतम भाव-4800

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 28906 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### मायादेवी का निधन

**गंजबासौदा।** स्व. गोकुलचंद, प्रकाश चंद की बहू एवं स्वर्गीय देवेंद्र कुमार की भाभी, स्वर्गीय कैलाश चंद की धर्मपत्नी एवं गुल्लन, वुक्के, पंकज, दीपक की माताजी एवं प्रांजल, छोटू, मोक्ष एवं काव्य की दादी मायादेवी का स्वर्गवास हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास ग्लोबल स्कूल के पास तोमर मार्केट से शाम के समय पाराशरी विश्राम घाट को निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक

**सागर।** मत्स्योद्योग विभाग द्वारा प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक आमंत्रित किए गए हैं।

## मौसी के घर थी पीड़िता तभी आरोपी ने धमकी देकर किया दुष्कर्म

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास और अर्थदंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को नीलम मिश्रा द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) ने 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवं 10 हजार रूपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एसपीओ दिनेश कुमार असैया ने बताया कि 18 मार्च 2022 को पीड़िता अपनी मौसी के घर पर थी। वहां सभी लोग होली का रंग डालने आ रहे थे। इस बीच पीड़िता टायलेट करके अकेले आ रही थी। तभी आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी और वहां से भाग गया। इस घटना के बाद पीड़ित एवं परिजनों की रिपोर्ट पर नटेरन थाना में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादंवि की धारा 376, 506 एवं पॉक्सो अधिनियम में अपराध पंजीबद्ध किया था। विवेचना के बाद मामले को न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय में विचारण उपरांत पीड़िता व साक्षीगणों के कथन कराए गए एवं उपलब्ध साक्ष्य तथा एडीपीओ दिनेश असैया के तर्क से सहमत होकर न्यायालय नीलम मिश्रा द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) ने आरोपित को दोष सिद्ध पाया। जिस पर गुरुवार को न्यायालय ने अपने निर्णय में आरोपित को दोष सिद्ध पाते हुए लेंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3/4(2) पाक्सो अधिनियम के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवं 10 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया। साथ ही पीड़िता को 4 लाख रूपए की प्रतिकर की राशि भी दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## एसजीएस के रवि ने स्वर्ण व सृष्टि ने कांस्य पदक जीता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अंतर महाविद्यालय संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के रवि कुशवाहा ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक एवं सृष्टि तिवारी ने हैमर थ्रो में कांस्य पदक प्राप्त किया। छात्र, छात्रा की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता सहित समस्त स्टॉफ ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## आरोपियों से बरामद प्रतिमाएं मंदिर समिति को सुपुर्द की गईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा क्षेत्र के ग्राम सिरनोटा जैन मंदिर से चोरी हुईं भगवान की चार प्रतिमाएं नगदी सहित अन्य सामान पुलिस ने चोरों से बरामद किया है। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर मंदिर समिति को सुपुर्द किया गया। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। ज्ञात हो कि बीते सप्ताह पूर्व दो दिसंबर की दरमियानी रात सिरनोटा बसस्टैंड स्थित जैन मंदिर में पीछे तरफ से अंदर घुसकर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें चोरों ने मंदिर से अष्टधातु की चार प्रतिमाएं, छत्र, दान पेटी से नगदी रुपये व तार आदि सामग्री चोरी होना पाई गई थी। इसके बाद जैन समाज के नागरिकों ने त्योंदा थाने में मामला दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान देहलवाड़ा निवासी सुमित शर्मा और इनके अलावा लमन्या निवासी धर्मेंद्र अहिरवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इनके पास से बरामद हुईं प्रतिमाएं नगदी सहित अन्य सामान पुलिस ने मंदिर समिति अध्यक्ष उत्तमचंद जैन को सुपुर्द कर दिया। इसके बाद पुनःविधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर प्रतिमाओं की स्थापना मंदिर में की जाएगी।

## श्रद्धालुओं ने पैदल तय किया 85 किलोमीटर का सफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

महाप्रभु जगन्नाथ को पुरी से लेकर गंजबासौदा आ रहे भक्त कष्टों की परवाह किए बगैर करीब 1200 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर चल रहे हैं। भक्तों की इन टोली ने अभी तक तीन दिन में 85 किलोमीटर का सफर तय कर लिया है। पैदल चल रहे करीब 60 यात्रियों में से कुछ भक्तों के पांव में जरूर छाले पड़ गए हैं, लेकिन इन छालों ने ना तो उनके उत्साह में कमी की है और ना ही भक्ति में। पुरी से शुरू हुई यह यात्रा जहां-जहां से होकर निकल रही है, वहां वहां महाप्रभु जगन्नाथ के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने मिल रहा है।

मालूम हो कि महाप्रभु जगन्नाथ के नवीन विग्रह की वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम में अप्रैल 2024 को आयोजित हो रहे एक विराट धार्मिक महोत्सव में स्थापना होनी है। इन विग्रह को लेने के लिए नगर से करीब डेढ़ सौ यात्रियों का जत्था पुरी से भगवान जगन्नाथ को रथ में बैठाकर भजन कीर्तन के साथ पैदल लेकर आ रहा है। 12 दिसंबर को शुरू हुई है यह पदयात्रा गुरुवार को तीसरे दिन करीब 85 किलोमीटर का सफर तय कर चुकी है। गुरुवार को यात्रा का भुवनेश्वर की सीमा को छूते हुए कोरधा जिले के बागमरी स्थान पर पड़ाव हुआ है। पहले दिन यात्रा ने 23 किलोमीटर, दूसरे दिन 32 और तीसरे दिन करीब 30 किलोमीटर का सफर तय किया है।

यात्रा के साथ चल रहे शैलेंद्र रघुवंशी तिलातिली ने बताया कि गुरुवार को तीसरे दिन वाघमारी पर पड़ाव हुआ है। अब यहां से जंगली एरिया शुरू होने वाला है इसलिए महिला पैदल यात्रियों को वापस रवाना कर दिया गया है। यात्रा में करीब अभी 60 पदयात्री साथ चल रहे हैं। कुछ यात्रियों के पैर में जरूर छाले पड़ गए हैं लेकिन वह उनकी परवाह किए बगैर उत्साह के साथ यात्रा में साथ चल रहे हैं। पदयात्रा में महाप्रभु जगन्नाथ की भक्ति के साथ-साथ सेवा भी अनूठी हो रही है। पुरी उड़ीसा में होने वाली सेवा की ही तरह भक्त उनके ठाठ बाट में भी कोई कमी नहीं रहने दे रहे हैं। सुबह भगवान जगन्नाथ को जहां बाल भोग में मेवा पिसता,बादाम किसमिस भोग लगाया जा रहा है,दोपहर में फलों का और शाम को दाल रोटी, पूड़ी के साथ चावल का भोग दिया जाता है। रात को महाप्रभु को शयन से पहले भक्तों की टोली सीताराम और जय जगन्नाथ की संगीतमय संकीर्तन से उमंग और आनंद में डूबकर थकान मिटाती है। सुबह फिर नई ऊर्जा के साथ सफर पर निकल पड़ते हैं। सुबह 6 बजे यात्रा शुरू होती है और शाम को 6 बजे यात्रा का पड़ाव हो जाता है।

## पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच



**त्योंदा।** ग्राम मुढैना में एक 22 वर्षीय युवक आरेन्द मालवीय की करंट की चपेट में आने से मृत्यु होने पर परिजनों ने त्योंदा थाने में आकर बयान दिए। जिस पर त्योंदा थाने द्वारा मर्ग कायम करके जांच की जा रही है। जांच में जो दोषी पाया जाएगा उसके ऊपर उचित कार्रवाई की जाएगी। अभी फिलहाल पुलिस घटनास्थल एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है जो भी तत्व सामने आएगा उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दुकानदारों के नपा ने बनाए चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका नगर को स्वच्छ बनाने लगातार स्वच्छता एवं साफ, सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं तथा नागरिकों एवं दुकानदारों को गंदगी न करने की समझाईश दी जा रही है। लेकिन कुछ लोग नगर को साफ, सुथरा रखने में नगरपालिका का सहयोग नहीं कर रहे हैं। बुधवार को चाय की होटल वालों ने कचरा नाली में डाला था। उन चाय की होटल वालों पर गुरुवार को नगर पालिका ने कार्रवाई करते हुए 500-500 रुपए के चालान बनाए एवं समझाइश दी गई कि आगे ऐसा ना करें।

## राजपूत समाज ने सुखदेव को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की विगत दिनों हत्या कर दी गई थी। उनकी आत्मा शांति के लिए गुरुवार को शाम के समय महाराणा प्रताप चौक नए बस स्टैंड पर महाराणा प्रताप राजपूत समिति व करणी सेना के संयुक्त तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थितजनों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## जैन मंदिर के द्वार के लिए मिली स्वीकृति




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगरपालिका परिषद द्वारा श्री 1008 त्रिमूर्ति दिगम्बर जैन मंदिर समिति को बरेठ रोड पर आवागमन हेतु भव्य द्वार बनाने की स्वीकृति शर्तों को ध्यान में रखते हुए प्रदान की गई है। गुरुवार को नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने जैन समाजजनों को स्वीकृति पत्र सौंपा। जिसमें द्वार का निर्माण अपने स्वामित्व की भूमि पर करना होगा, द्वार का निर्माण रोड के मध्य से 40 फिट की दूरी पर करना होगा। द्वार के निर्माण के दौरान किसी भी विवाद की स्थिति में अनुमति स्वतः निरस्त मानी जाएगी।

### संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

# योग प्रतियोगिताओं में बेटियों ने किया नाम रोशन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिताओं मे विकास खंड के सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदयपुर की छात्राओं ईशा कुशवाह और आरती सहरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे नगर और विकास खंड का नाम रोशन कर दिया। योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया शाला स्तर से विकास खंड और वहां से जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं को जीत कर यह बिटिया संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिताओं में शामिल हुई थी। वहां भी जीत का परचम लहरा कर अब 15 तारीख को भोपाल मे होने वाली राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिताओं में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने ईशा कुशवाह और आरती सहरिया की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुऐ उनको शुभकामनाएं दीं और कहा कि विकासखंड में योग को बढ़ावा देने के लिऐ प्रयास किऐ जाऐंगे। योग को जन जन तक पहुंचाने के लिऐ हर संभव सहायता का वचन भी उन्होंने दिया। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, बीआरसी कपिल तिवारी, प्राचार्य महेन्द्र सिंह, महाराज सिंह रघुवंशी , योग शिक्षक जगदीश कुशवाह, कपिल गौड,हेमलता शर्मा ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### रास्ता बंद न होने के लेकर वार्डवासियों ने दिया आवेदन

**गंजबासौदा।** वार्ड क्रमांक 8 के रहवासियों द्वारा समस्या को लेकर एक शिकायती आवेदन नगरपालिका सीएमओ पवन शर्मा को सौंपा गया है। जिसमें कहा गया है कि प्रतिवर्ष अनुसार नया बस स्टैंड स्थित रामलीला प्रांगण में लगने वाले वार्षिक मेला के दौरान नपा की मेला संचालन समिति द्वारा सार्वजनिक रास्ता को बंद कर दिया जाता है। जिससे वार्ड के रहवासियों को पैदल आने-जाने में लंबा रास्ता तय कर शहर की ओर जाना पड़ता है। आवेदन में कहा गया है कि मेला संचालन समिति द्वारा उक्त रास्ते पर मेला व्यापारियों को दुकान लगाने जगह आवंटित कर दी जाती हैं। जिसके चलते रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब तक मेला लगता है तब तक लोगों को स्वामी दयानंद नगर स्वीमिंग पुल वाली गली एवं अयोध्या बस्ती, बेदनखेडी, बालाजी नगर के रहवासियों को लंबा चक्कर काटकर शहर की ओर जाना पड़ता है। इस सार्वजनिक रास्ते से क्षेत्र के बड़ी संख्या में मजदूर व छात्र-छात्राएं पैदल आना-जाना करते है। मेले के दौरान 20-25 दिन तक रास्ता बंद हो जाने के कारण लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ता है।

# अभिभाषक संघ के चुनाव में पोस्टल वोट डाले गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आगामी 18 दिसंबर को संपन्न होने जा रहे अभिभाषक संघ के चुनाव को लेकर गुरुवार को निर्वाचन कार्यालय में पोस्टल वोट डाले गए। जबकि मतदान 18 दिसंबर को निर्धारित समय अनुसार होगा तत्काल मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र सिंह राजपूत एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी नरेश रघुवंशी ने बताया कि अंतिम सूची प्रकाशन के साथ अध्यक्ष पद पर एडवोकेट राजेंद्र सिंह ठाकुर, संजीव प्रताप सिंह चौहान, सुभाष ताम्रकार, वहीं उपाध्यक्ष पद पर अर्जुन सिंह कुर्मी,महेंद्र तिवारी, रजनीश जैन एवं सचिव पद पर अभिषेक रघुवंशी, भूपेंद्र राजपूत, सह सचिव पद पर धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष पद पर घनश्याम रघुवंशी, रामकृष्ण रघुवंशी एवं पुस्तकालय सचिव पद पर नरेंद्र बघेल एवं कार्यकारिणी सदस्य के पद पर आकाश महेश्वरी, दिलीप रघुवंशी, मानकलाल प्रजापति, प्रदीप लाहौरी, सुनील भावसार एवं नटेरन से संजय कुमार जैन के नाम उम्मीदवार के रूप में सामने आए जिनमें से सह सचिव पद पर धर्मेंद्र सिंह सोलंकी और पुस्तकालय सचिव पद पर नरेंद्र बघेल केवल एक-एक नाम ही शेष रहे। एक तरह से दोनों पद निर्विरोध रहेंगे। कुल 310 अभिभाषक मतदाता के रूप में अपने मत का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 14 दिसंबर को दोपहर 11 से 4 बजे तक पोस्टल मतदान किया गया है। 18 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा, कुल 18 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि आज


**गंजबासौदा।** उर्वरक एवं कीटनाशक व्यापार हेतु देसी डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर है। इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऐसे व्यक्ति जो उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं का व्यापार करना चाहते हैं किन्तु लायसेंस प्राप्त करने के लिए निर्धारित योग्यता नहीं है, ऐसे व्यक्तियों को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा मैनेज हैदराबाद के सहयोग से एक वर्षीय डिप्लोमा (डिप्लोमा इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन सर्विसेज फॉर इनपुट डीलर्स) कोर्स कराया जाता है। डिप्लोमा कोर्स हेतु आवेदक को कम से कम 10वीं कक्षा पास होना आवश्यक है। जो व्यक्ति उक्त डिप्लोमा कोर्स करना चाहते हैं वह कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, देहात थाने के पास विदिशा अथवा कृषि विभाग के विकासखण्ड स्तरीय कार्यालय के बीटीएम, एटीएम से आवेदन प्राप्त कर **PD ATMA VIDISHA DAESI A/C** के नाम से राशि बीस हजार रुपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट, आवेदक के आधार कार्ड की छायाप्रति, दसवीं एवं अन्य उच्चतर शिक्षा के सर्टिफिकेट्स एवं मार्कशीट की प्रमाणित छायाप्रति, लायसेंस की छायाप्रति (यदि लायसेंस है तो) तथा तीन फोटो ग्राफ्स सहित भरा हुआ आवेदन तीन प्रतियों में 15 दिसम्बर तक उपरोक्त कार्यालयों में जमा करा सकते हैं। उक्त डिप्लोमा कोर्स हेतु कुल 40 अभ्यर्थियों का बैच बनेगा जिसमें पहले आयें पहले पायें के आधार पर चयन किया जाएगा।

### वरिष्ठ अभिनेता व रंग निर्देशक संजय मेहता 22 को रिलीज होने वाली फिल्म ड्राई-डे में आएंगे नजर

# सिद्ध आश्रम आमाढाना में महंत संजय मेहता लगाते हैं दरबार, बड़ी संख्या में जुट रहे लोग

राजीव जैन ⏭ सिरोंज

सिरोंज के वरिष्ठ रंगकर्मी अभिनेता एंव रंग निर्देशक पंडित संजय मेहता 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली फिल्म ड्राई डे में दिखेगें। इस फिल्म के निर्देशित सौरभ शुक्ला है। उक्त फिल्म एम पी एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी है। सिरोंज के संजय मेहता इस फिल्म एक महत्वपूर्ण किदार बापू के रूप के दिखाई देगें। उल्लेखनीय है कि इसके पहले भी संजय मेहता कई फिल्मों में काम कर चुके हैं नितिन कक्कड़ की फिल्म फिल्मीस्तान में मुख्य आतंकवादी की भूमिका में संजय मेहता ने काम किया था। इस फिल्म को बेस्ट हिंदी मूवी का राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ था। साथ ही उनकी दूसरी फिल्म ओमेरता जिसे हंसल मेहता ने निर्देशित किया था जिसमें अजहर मसूद की भूमिका आपने निभाई थी। वही अजीत सिंह की फिल्म वाह ताज में एक बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका थी साथ ही चंद्र प्रकाश द्विवेदी की फिल्म मोहल्ला 80 में सोशलिस्ट की भूमिका में संजय मेहता दिखाई दिए थे। अभी हाल ही में एंड टीवी पर सीरियल दूसरी मन में आध्यात्मिक गुरु की भूमिका निभाई थी और अभी शाजिया खान की फिल्म में अभिनय कर रहे है।






#### सिद्ध आश्रम में प्रत्येक गुरूवार को लगाया जाता है दरबार

सिरोंज के वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य पंडित गोविंद राम शास्त्री के परिवार से पंडित संजय मेहता का जुडाव अभी भी सतत सिरोंज से बना हुआ है। इनका परिवार अभी भी सिरोंज शहर में पं संजय मेहता द्वारा सिरोंज से लगभग 5 किमी दूर सिद्ध आश्रम आमाढाना के नाम से जाना जाता है। वही प्रत्येक गुरूवार को सिद्ध आश्रम के महंत पंडित संजय मेहता सिद्ध बाबा का दरबार लगाया जाता है। इस दरबार में सिरोंज सहित आसपास के क्षेत्र भोपाल, गुना, बासौदा, अशोकनगर, आरोन, विदिशा, बीना, खुरई सहित अन्य जगहों से श्रद्धालु आते है और मंहत पं संजय मेहता श्रद्धालुओं की समस्याओं को सुनते है। उक्त आश्रम में भगवान शंकर व दुर्गा मां का मंदिर सहित अनेक छोटे-छोटे मंदिर आश्रम परिसर में बने है। इस प्राकृतिक व रमणीक स्थान पर श्रद्धालु आकर पूजा-अर्चना के बाद भोजन प्रसादी ग्रहण करते है। सिरोंज का यह स्थान दिन प्रति दिन अपनी ख्याती प्राप्त कर रहा है।

#### मनाली में की गई फिल्म की शूटिंग

वरिष्ठ रंगकर्मी संजय मेहता ने बताया कि फिल्म ओमेर्वा में हंसल मेहता इसके पहले ही शाहिद से चर्चा बटोर चुके है। उन्हें इस फिल्म के लिए 2013 में बेस्ट डायरेक्टर का नेषनल अवार्ड मिल चुका है। उनकी अन्य फिल्मों में सिटी लाइट,अलीगढ और सिमरन शामिल है। ओमेर्ता पाकिस्तान के इंग्लैड बेस नागरिक उमर शेख पर केन्द्रित है। यह फिल्म मुख्य रूप से यह बताती है। कि पाकिस्तान और आईएसआई का नेक्सस किस तरह आतंकवाद को पोषित करता है और पाकिस्तान नागरिकों सहित विदेषों में रह रहें पाकिस्तानियों का कैसे इस्तेमाल करता है। इस फिल्म की अधिकांष शूटिंग मनाली में हुई और जहां अफगानिस्तान के आंतकवादियों के अड्डे व पाकिस्तान के कुछ हिस्सों का सेट लगाया गया था। साथ ही इस फिल्म की कुछ शूटिंग मुंबई में भी की गई।

# 'भागवत कथा से राजा परीक्षित ने पाया मोक्ष'



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ग्राम भौरिया में चल रही सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित आचार्य अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने भोलेनाथ व माता पार्वती के विवाह के बार गगन विहार की कथा सुनाई। कथा सुनाते हुए शास्त्री ने कहा कि माता पार्वती ने हिमालय राज के यहां पर अवतरित हुए थे। पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ को मानती थी इसीलिए भोलेनाथ से माता पार्वती का विवाह हुआ। उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा कि भोलेनाथ व माता पार्वती के विवाह के पहले से ही तारकासुर राक्षस का तीनों लोकों में अत्याचार था और उसका वध भोलेनाथ व माता पार्वती के पुत्र से होना था। इसीलिए भोलेनाथ व माता पार्वती का विवाह पहले से ही होना तय था यानी यह सब लीला भगवान की थी। कथा सुनने के लिए सैकड़ों लोग मौजूद रहे आरती प्रसाद वितरण किया गया ग्रामीणों द्वारा तन मन धन से समर्पित होकर शिव महापुराण कथा श्रवण किया जा रहा है।

#### राजा परीक्षित की कथा का किया वर्णन

वही कथा वाचक ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वनों में काफी दूर चले गए। उनको प्यास लगी, पास में समीक ऋषि के आश्रम में पहुंचे और बोले ऋषिवर मुझे पानी पिला दो मुझे प्यास लगी है, लेकिन समीक ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि इसने मेरा अपमान किया है मुझे भी इसका अपमान करना चाहिए। उसने पास में से एक मरा हुआ सर्प उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने नदी का जल हाथ में लेकर शाप दे डाला जिसने मेरे पिता का अपमान किया है आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प पक्षी आएगा और उसे जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित है और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। देवयोग वश परीक्षित ने आज वही मुकुट पहन रखा था। समीक ऋषि ने यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प पक्षी तुम्हें जलाकर नष्ट कर देगा। यह सुनकर परीक्षित महाराज दुखी नहीं हुए और अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां पर बड़े बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत मे व्यास नंदन शुकदेव वहां पर पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर शुकदेव का स्वागत किया। शुकदेव इस संसार में भागवत का ज्ञान देने के लिए ही प्रकट हुए हैं। शुकदेव का जन्म विचित्र तरीके से हुआ, कहते हैं बारह वर्ष तक मां के गर्भ में शुकदेव जी रहे। एक बार शुकदेव जी पर देवलोक की अप्सरा रंभा आकर्षित हो गई और उनसे प्रणय निवेदन किया। शुकदेव ने उसकी ओर ध्यान नहीं दिया। जब वह बहुत कोशिश कर चुकी, तो शुकदेव ने पूछा, आप मेरा ध्यान क्यों आकर्षित कर रही हैं। मैं तो उस सार्थक रस को पा चुका हूं, जिससे क्षण भर हटने से जीवन निरर्थक होने लगता है। मैं उस रस को छोड़कर जीवन को निरर्थक बनाना नहीं चाहता।

# प्रदेश महामंत्री से मुलाकात कर दी शुभकामनाएं



**सिरोंज।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक जनपद सदस्य एंव भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित प्रशांत पालीवाल ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी से सौजन्य मुलाकात कर विजय श्री प्राप्त करने पर शुभकामनाएं दी।

#### भोपाल एयरपोर्ट पर किया भव्य स्वागत

**सिरोंज।** मध्यप्रदेश केश शिल्पी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन ने भोपाल पहुचकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एंव मध्यप्रदेश स्कैनिंग कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी रणजीत सिंह सुरजेवाला का भोपाल एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया। साथ ही कई विषयों को लेकर विषेष चर्चा की।



# जैतपुर में 11 दिवसीय रामलीला का राम राज्याभिषेक के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ग्राम जैतपुर में चल रही रामलीला में बीती रात्रि भगवान राम के राज्याभिषेक से समापन हुआ। इस दौरान रामराज बैठे त्रिलोका, हर्षित भय गए सब शोका से पूरा पंडाल गूंज उठा। आखिरी दिन की लीला देखने के लिए पंडाल में सैकड़ों की संख्या में दर्शक रहे। बीती रात्रि हुए लीला मंचन में लंका विजय के पश्चात भगवान राम, लक्ष्मण, माता जानकी, हनुमान व विभीषण समेत अयोध्या के लिए पुष्पक विमान से निकलते हैं। प्रभु श्रीराम के आगमन में देरी से भरत विह्वल हो जाते हैं। इसी दौरान हनुमान जी ब्राह्मण का भेष बनाकर भरत जी को श्रीराम के आगमन की सूचना देते हैं। प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, माता जानकी व उनके साथ आए पवनसुत हनुमान जी का अयोध्या वासियों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।



भगवान राम के राज्याभिषेक का सुंदर मंचन किया गया। ग्रामीणों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की झांकी के दर्शन करके आरती उतारी। श्री बांकेबिहारी रामलीला मण्डल अध्यक्ष लल्लूराम ने रामलीला समाप्ति की घोषणा करते हुए उपस्थित जन समूह से प्रभु राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कलाकारों ने लवकुश काण्ड का आकर्षक मंचन किया। युवा समाजसेवी सुजीत कुशवाह ने बताया श्री बांकेबिहारी रामलीला मण्डल द्वारा कई गाँवो में बिना किसी के लागत के रामलीला कर रहे है जिससे रामलीला से युवा पीढ़ी विशेषकर बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा करने का सशक्त माध्यम है। इससे जहा सामाजिक बुराइयों के विरूद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है वही बड़ों की आज्ञा का पालन करने व छोटो के प्रति स्नेह के साथ-साथ परिवार व समाज में समन्वय स्थापित करने की सीख मिलती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# खरगोन बायपास 45 बना तो बर्बाद हो गई खरगोन पहुंचने वाली पुरानी सड़क

### बटेरा जोड़ से मछवाई तक बन रहा मार्ग, इक्यावन नदी का पुल क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली/खरगोन

जब से भोपाल-जबलपुर फोरलेन 45 खरगौन बायपास का निर्माण हुआ। बटेरा जोड से मछवाई तक लगभग पौने चार किमी सड़क अत्याधिक क्षतिग्रस्त गड्डों भरी बनी हुई थी। इस पुराने मार्ग पर इक्यावन नदी का पुल और 2 पुलिया है। लबे समय से बटेरा-मछवाई मार्ग और क्षतिग्रस्त इक्यावन नदी पुल निर्माण की मांग बनी हुई थी। निर्माण कंपनी द्वारा लगभग पौने चार करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण शुरू कर देने से आने वाले दिनों में खरगौन के साथ आसपास के ग्रामीणों को आवागमन की अच्छी सुविधा हो जाएगी।

सड़क निर्माण के साथ सड़क के दौनों ओर नालिया भी बनाई जा रही है। खरगौन बायपास से खरगौन, जामगढ़, भगदेई मार्ग की क्रासिंग है। ग्रामीणों की मांग पर एमपीआरडीसी, ठेकेदार द्वारा अन्डर ब्रिज का निर्माण किया। परंतु कार्य की गुणवत्ता ठीक न होने से जुडे लगभग एक दर्जन ग्रामों के ग्रामीण परेशानियां झेल रहे है।



#### इक्यावन नदी पर बने नया पुल

इक्यावन नदी पर दशको पूर्व एनएच-12 द्वारा पुल का निर्माण कराया गया था। उक्त पुल जर्जर और क्षतिग्रस्त हो गया। नदी के दौनों किनारों पर खरगोन कस्बे की बसाहट है। पुल पर रैलिंग भी नहीं है। पुराने पुल की सिर्फ मरम्मत से काम नहीं चलेगा। ग्रामीणों, व्यापारियों का कहना है, कि खरगौन आसपास के 20-25 ग्रामों के बीच प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र हैं। प्रतिदिन हजारों ग्रामीण, सेकडो वाहन खरगोन आते है। इक्यावन नदी पुल की मरम्मत से काम नहीं चलने वाला कभी भी हादसे का भय बना रहेगा। क्षतिग्रस्त जर्जर इक्यावन नदी पर नये ऊंचे पुल निर्माण कराये जाने की पुरजोर मांग बनी हुई है।

### मलमास पूस हो गया प्रारंभ, मांगलिक कार्यों पर लगा विराम

**हरिभूमि न्यूज. बरेली।** देव उठनी ग्यारस के बाद शुरू हुआ विवाह बारातों के कार्यक्रमों पर पूस-मलमास शुरू होने से विराम लग गया है। अब एक माह बाद मांगलिक कार्य धूमधाम से शुरू होने की संभावना है। नवम्बर आखिर और दिसम्बर की 13 तारीख तक विवाह बारातों की अधिकता बनी रही। कृषि प्रधान क्षैत्र होने के कारण किसानों द्वारा फसलों की बिक्री बाद राशि आने पर होली बाद से गर्मी के दिनों में पुत्र-पुत्रियों के विवाह किए जाते है। सम्पन्न और व्यवसायिक परिवारों द्वारा शीत काल देव उठनी ग्यारस के बाद मांगलिक विवाह कार्यक्रमों का अधिक आयोजन किया जाता है। इस वर्ष धान की फसल किसानों के घर आने, मंडी में विक्रय के दौरान विभिन्न परेशानियां और मौसम खराब होने से बाधाये बनी रही। सर्दी के सीजन में अन्य वर्षो की अपेक्षा कम विवाह हुए, सिर्फ 4-5 लग्न तारीखों को विवाहों की अधिकता की स्थिति रही।

# राष्टीय संत चिन्मयानंद बापू की कथा आज से, निकली जोरदार शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

राष्ट्रीय संत श्री चिन्मयानंद जी वापू की कथा के पुर्व सागर में निकली भव्य दिव्य शोभायात्रा मोतीनगर थाना से बड़ों निया टाल से प्रारम्भ हुई । बड़ा बाजार से, तीनबत्ती , कटरा, गोपालगंज, होती हुई सिविल लाइन से पीटीसी ग्राउण्ड मे समापन हुआ बग्गी मे पूज्यनीय संत वापूजी विराजमान थे एक बगी मे शंकर जी की झांकी थी डी जे, डॉल ,बाजे , सहित सेंकड़ों की संख्या में फोर व्हीलर वाहन मे श्रद्धालू ज़न बेठे हुए थे शोभायात्रा मे मुख्य यजमान डॉ अनिल तिवारी, शिवशंकर मिश्रा, तरुण बड़ोनिया, अतुल तिवारी वृंदावन अहिरवार निगम अध्यक्ष, अनिल दुबे, रीतेश मिश्रा, मनीष चौबे, राजेश पाराशर, कपिल स्वामी ,रिक्की शर्मा शामिल थे। जगह जगह हुआ भव्य स्वागत मोतीनगर थाने के यहां स्वागत बसंत करोसिया, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार रीतेश मिश्रा ने पुष्प माला से स्वागत किया। रामबाग पर प्रदीप राजोरिया, बृज मोहन पाठक ने गुरु की पुष्प माला पहना कर स्वागत किया । रामबाग पर भरत नेमा,संजय मुखिया ने स्वागत किया । तीन बत्ती पर पं अनिल दुबे नीरज पांडे, मुकेश नायक, दीपक वाजपेई, प्रकाश दुबे, स्वामी मनोज शुक्ला, सुरेन्द्र तिवारी, सोनू दुबे ने गायत्री परिवार ने स्वागत किया । पंचायत ऑफिस के यहा डॉ अजय तिवारी ने आतिशबाजी कर पुष्प माला पहना कर स्वागत किया ।



#### डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए एडवाइजरी

सागर । मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए जिले में निरंतर जन-जागरूगता कार्य किया जा रहा है। मच्छरजनित बीमारियों में मलेरिया सबसे प्रचलित बीमारी है। यह बीमारी मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होती है। ठंड लगकर बुखार आना मलेरिया का प्रमुख लक्षण हैं । मलेरिया की जांच एवं दवाईयां सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क प्रदान की जाती है। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं से संपर्क कर भी जांच करवाई जा सकती है। मलेरिया के इलाज के लिए प्रमाणिक एवं सुरक्षित दवाएं उपलब्ध हैं। मच्छरों से होने वाली बीमारी डेंगू की पहचान सही समय पर न किये जाने पर घातक रूप ले सकती है। यह बीमारी एडीज मच्छर के काटने से फेलती है। जब कोई एडीज मच्छर डेंगू के किसी रोगी को काटता है तो वह उस रोगी का खून चूसता है। खून के साथ डेंगू वायरस भी मच्छर के शरीर में प्रवेश कर जाता है। र में

### क्षतिग्रस्त कचरा मिट्टी भरी नहरों में छोड़ दिया पानी, प्रतिवर्ष नहरों के रख-रखाव, मरम्मत, सफाई के लिए लाखों का बजट

# नहरों की नहीं मरम्मतः जिम्मेदार रखरखाव के प्रति उदासीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

**बरेली।** बारना बांध उसकी सैकड़ों किमी फैली नहरे क्षेत्र के किसानों के लिए मुख्य सिंचाई का साधन बनी हुई है। पूर्व के वर्षो में नहरों को पक्का करने सहित अन्य कार्यो पर कई सौ करोड रुपए की राशि खर्च की गई। इसके बाद भी सर्वाधिक बायी मुख्य नहर और उससे जुडी नहरों उप नहरों की स्थिति क्षतिग्रस्त अत्याधिक खस्ता हाल बनी हुई है। नहरों की साफ सफाई मरम्मत की लगातार मांग उठती और अखबारों की सुर्खिया बनने के बाद भी बारना परियोजना के जिम्मेदार उदासीन रहे और कचरा, झाडियों, मिट्टी से भरी क्षतिग्रस्त नहरों में पानी छोडन्ने से अवरोध की स्थिति बन रही है।

1975 में बाड़ी स्थित बारना बांध का निर्माण पूर्ण होने के साथ बक्तरा, बाड़ी, बरेली क्षेत्र में नहरों में पानी छोड़ कर किसानों को सिंचाइ सुविधा उपलब्ध कराई गई। बांध से निकली दो मुख्य नहरों से लगभग एक लाख एकड में सिंचाई सुविधा मिलती है। दायी नहर बाड़ी तहसील के ग्रामों के साथ बक्तरा शाहगंज तक के ग्रामों तक पानी ले जाती है। बायी मुख्य नहर बाड़ी तहसील के दर्जनों ग्रामों के साथ संपूर्ण बरेली तहसील के साथ उदयपुरा तक सिंचाई होती है। बारना बांध से मिली सिंचाई सुविधा के कारण संपूर्ण क्षैत्र में बासमती धान का लाखों क्विंटल उत्पादन हो रही है। इसी प्रकार लाखों क्विंटल गेंहू का उत्पादन कर अधिकांश गेंहू किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर बैंचा तौला जाता है। दायी मुख्य नहर जो बक्तरा को जाती हैद्व अधिकांश नहर कटिंग में है। जबकि बायी मुख्य नहर बाड़ी से भौडिया तक जमीन से 15-20 फिट तक उंची है। बायी मुख्य नहर पर 8-10 स्थानों पर नहर पुल भी बने हुए, जिससे नदी नालों का पानी नहर के बीच से बहता रहे।



#### करोड़ों खर्च फिर भी क्षतिग्रस्त

पिछले वर्षो में बायी मुख्य नहर को ऊंचा चौड़ा और पक्की करने सहित अन्य कार्यो पर करोडो की राशि खर्च की गई। भारी भरकम राशि खर्च होने के बाद मुख्य नहर, नहरों, उप नहरों से पानी का रिसाव बंद नहीं हुआ, कारण विभिन्न कार्यो में जमकर आर्थिक अनिमित्ताए हुई। जिम्मेदार अधिकारी भोपाल बाड़ी में बैठ कर चल रहे निर्माण कार्यो की अनदेखी करते रहे। अन्यथा जिस प्रकार बायी मुख्य नहर स्थान स्थान पर क्षतिग्रस्त हो रही है। ऐसी स्थिति नहीं बनती इसी के साथ अनेक नहरों, उप नहरें भी क्षतिग्रस्त होकर जर्जर हो रही है। इस अवस्था में यदि अधिक मात्रा में पानी छोड़ा जाता है। तो नहर टूटने की संभावना रहती है। नहरों में झाड़िया उगी है, घास, कचरा, मिट्टी, रेत भरी है। जिसकी सफाई न होने से पानी की गति अत्याधिक धीमी रहने से टेल क्षेत्र के खेतों ग्रामों तक लगभग एक माह में पानी पहुंच पाता है।

# राज्य स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे बरेली के छात्र

### 11 सदस्यी छात्र-छात्राओं का दल शिवपुरी रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर नगर के छात्र-छात्राओं द्वारा हेण्डबाल खेल में शानदार प्रदर्शन किया जा रहा है। 15 से 19 दिसम्बर तक प्रदेश के शिवपुरी में हो रही 67वीं राज्य स्तरीय हेण्डबाल प्रतियोगिता में भाग लेने, भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करने 11 सदस्यी छात्र-छात्राओं का दल रवाना हुआ। इसी वर्ष खिलाड़ियों ने 19 वर्ष में रजक पदक और 14 वर्ष बालिका वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। व्यायाम निर्देशक अरविन्द जरारिया ने बताया कि बरेली के छात्र-छात्राओं के दल द्वारा शिवपुरी में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व किया जाएगा। तकनीकि आफिसर के रूप में जरारिया के साथ शिवांश जरारिया, पुष्पेन्द्र राजपूत, मनीष मांझी, कृष्णा मांझी, तनिष्क डागर, आर्यन, शीतल रावत, खुशी शर्मा, समीक्षा धाकड़, रिया साहू, वैष्णवी राय शिवपुरी के लिए रवाना हुए। चयनित खिलाडियों के रवाना होते समय नव निर्वाचित विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटैल, हरनाम सिंह राजपूत, अध्यक्ष जिला बालीबाल संघ, नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, बालक हा.से. के प्राचार्य के.के. वानी, एवं विधालय परिवार के शिक्षकों, खेल प्रेमियों द्वारा सभी खिलाडियों से बेहतर खेल प्रदर्शन की अपेक्षा करते हुए विदाई और शुभकामनाए दी गई।



# आज से श्रीरामलीला-महोत्सव का शुभारंभ

## मनोरंजन के लिए सजे झूले, नावझूला युवओं की पहली पसंद, 10 को रावण वध के साथ होगा मुख्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन



हर वर्ष की भांति इस बार भी रामलीला मेला आयोजन समिति के तत्वाधान में श्री रामलीला महोत्सव के चलते शुक्रवार 15 दिसंबर से भगवान श्री गणेश की नगर परिक्रमा के साथ महा आरती से ऐतिहासिक श्री रामलीला महोत्सव की विधिवत शुरुआत की जाएगी।

श्री रामलीला मेला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी ने बताया कि भगवान श्री गणेश जी की परिक्रमा दोपहर पश्चात 3 बजे से नगर के बड़ा मंदिर से प्रारंभ की जाएगी जो दुर्गा चौक होते हुए माता मंदिर चौराहा होकर सांची रोड से महामाया चौक के सामने से श्री रामलीला गेट होते हुए रामलीला मैदान मेला स्थल पर पहुंचेगी, जहां भगवान गणेश की विशेष पूजा अर्चना के साथ महा आरती का आयोजन एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा।

उन्होंने नगर के सभी सनातन धर्म प्रेमियों एवं मेला आएं समिति के समस्त पदाधिकारी तथा सदस्यों से भगवान श्री गणेश की निकलने वाली परिक्रमा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म का लाभ उठाने की अपील की है।

### मेला कार्यक्रम एक नजर में

- 15 दिसंबर को दक्ष यज्ञ श्री गणेश स्थापना होगी।
- 18 दिसंबर को शिव-बारात।
- 19 दिसंबर को श्रीराम जन्म की लीला की होगी भव्य प्रस्तुति।
- 20 दिसंबर को ताड़का वध ।
- 21 दिसंबर को धनुष यज्ञ लीला।
- 22 दिसंबर को श्रीराम बारात।
- 23 दिसंबर को श्रीराम विवाह लीला की होगी प्रस्तुति ।
- 24 दिसंबरको दशरथ दरबार।
- 25 दिसंबर को श्रीराम वन गमन, श्रीगंगा अवतरण ।
- 26 दिसंबर को भगवान श्रीराम एवं भरत मिलाप।
- 27 दिसंबर को खरदूषण बध एवं सूपर्णनखा संवाद।
- 28 दिसंबर को सीताहरण।
- 29 दिसंबर को सुग्रीव मित्रता तथा बाली वध की लीला।
- 30 दिसंबर को लंका दहन
- 31 दिसंबर को श्रीराम सेतु बांध
- 1 जनवरी को विभीषण शरणागति
- 2 जनवरी को रावण अंगद संवाद
- 3 जनवरी को लक्ष्मण शक्ति
- 4 जनवरी को कुंभकरण वध
- 5 जनवरी को अतिकाय का वध ।
- 6 जनवरी को मेघनाथ वध सती सुलोचना ।
- 7 जनवरी को अहिरावण वध।
- 8 जनवरी को नारानतक वध।
- 9 जनवरी को तारणी सेन वध।
- 10 जनवरी को रावण वध ।
- 11 जनवरी को भगवान श्री राम का राजतिलक ।
- 12 जनवरी को हवन शांति तथा प्रसाद वितरण का आयोजन।



### दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक बुरी तरह घायल, दुकान व कार हुई क्षतिग्रस्त

# ट्रैक्टर के ब्रेक फेल होने से कार को टक्कर मारकर फिर दुकान में घुसा

हरिभूमि न्यूज ⏭सलामतपुर/दीवानगंज

भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 बालमपुर में गुरुवार शाम को एक बड़ा हादसा होते-होते बाल बाल बच गया। हाइवे पर एक ट्रैक्टर के ब्रेक फेल हो जाने के कारण उसने कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से आगे चल रही 407 वाहन में कार घुस गई। दुर्घटना में कार चालक सुरक्षित हैं। वहीं कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर एक दुकान में जाकर घुस गया। यह तो गनीमत रही की दुकान उस समय बंद थी। वहीं दुकान का टीन शेड टूट गया और यह भी गनीमत रही की ट्रैक्टर चला रहा युवक टीन शेड से बच गया नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक बुरी तरह घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक कार चालक वीरेंद्र यादव भोपाल निवासी जो सागर में अपने फार्म हाउस से लौट रहे थे। भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे के बालमपुर पहुंचने पर एक 407 वाहन के पीछे चल रहे थे। तभी पीछे से एक ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। और ट्रैक्टर जाकर दुकान में घुस गया। दुकान बंद नहीं होती तो एक बड़ा हादसा भी हो सकता था। दुर्घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।






#### बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं...

मैं सलामतपुर से प्रतिदिन भोपाल अपडाउन करता हूं। जब भोपाल विदिशा हाइवे से निकलता हूं तो यहां से निकलने में जान का खतरा लगता है। क्योंकि सड़क पर बहुत बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं। कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। लेकिन शिकायतों के बाद भी अफसर कुंभकरण की नींद में सोए हुए हैं। ऐसा लगता है कि शायद उन्हें कोई बड़ा हादसा होने का इंतजार है।

**- साजिद खान,** सलामतपुर।

#### संकेतक बोर्ड नहीं लगाए

नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। जिसकी वजह से भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से कोई भी संकेतक बोर्ड नहीं लगाए हैं। इसीलिए यहां पर आए दिन हादसे बढ़ रहे हैं। इस सड़क को शीघ्र ही 4 लाईन किया जाए। लोग तो अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहने लगे हैं।

**- रघुवीर मीणा,** सरपंच ग्रा.पं. रातातलाई।

#### हाइवे को 4 लाइन किया जाए तो कम हो सकते हैं हादसे

*भोपाल विदिशा नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं। इन रोज होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है। वहीं सलामतपुर, सांची, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस भी इस सड़क को 4 लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है।*

*गौरतलब है कि एनएच 146 और स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है। सलामतपुर, सांची व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है। क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है। और सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थाने में पुलिस बल कम पड़ जाता है। जिससे थाने आए फरियादियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्टेट हाइवे 18 को फ़ोर लाइन करने की मांग की है।*

# खुले में मांस-मछली विक्रय पर रोक

## आज से नगरीय क्षेत्रों में चलेगा विशेष जांच अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा प्रदेश में खुले में बिना अनुमति मांस तथा मछली का विक्रय प्रतिबंधित किया जायेगा। इसके संबंध में 15 दिसंबर से सभी नगरीय निकायों में मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम-1956 के प्रावधानों के तहत विशेष अभियान चलाया जायेगा। कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा एसडीएम, सीएमओ सहित संबंधित अधिकारियों को विशेष अभियान चलाए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

#### मांस विक्रय प्रतिष्ठानों पर दरवाजा अनिवार्य

*प्रदेश के विभिन्न शहरों में सामान्यतरू किसी भी प्रकार के व्यवसाय, दुकान, बाजार या रेहड़ी आदि लगाने के लिए नगरीय निकायों द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम-1956 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के अंतर्गत अनुज्ञा/ अनुमति/ अनापत्ति प्रदान की जाती हैं। विशेष रूप से किसी भी प्रकार के मांस एवं मछली के विक्रय के लिये नगरीय विकास विभाग के अधिनियमों के अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रावधान लागू होते हैं। इसके अंतर्गत जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मांस एवं मछली के विक्रय के संबंध में अतिरिक्त शर्तें लगाई जाती हैं। इस अधिनियम के अंतर्गत मांस एवं मछली के विक्रय के समस्त प्रतिष्ठानों में अपारदर्शी कांच/ दरवाजा एवं साफ-सफाई की सम्पूर्ण व्यवस्था होना अनिवार्य है।*

#### आज से 31 दिसंबर तक चलेगा अभियान

*इसके साथ ही किसी भी धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार के सामने 100 मीटर की दूरी के भीतर उक्त सामग्री का विक्रय या प्रदर्शन प्रतिबंधित है। सभी जिला कलेक्टर्स, नगरीय निकायों के आयुक्तों और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को अधिनियमों/नियमों एवं लायसेंस की शर्तों का पालन कड़ाई से कराने के निर्देश दिये गये हैं। सभी निकाय क्षेत्रों में आगामी 15 दिवस तक अतिक्रमण निरोधी दस्ते तथा स्वास्थ्य अमले के अतिरिक्त जिला एवं पुलिस प्रशासन विशेष अभियान चलायेगा। यह अभियान 15 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 31 दिसम्बर तक निरंतर चलाया जायेगा। अभियान की राज्य स्तर पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिये गये हैं।*

#### शनिवार से 20 वां विराट रामचरित मानस सम्मेलन

**सिलवानी।** श्रीराम चरित मानस सम्मेलन समिति के द्वारा नगर के रघवुंशी गार्डन में विद्यावाचस्पति, स्वर्गीय आचार्य डा. रामाधार उपाध्याय की पुण्य स्मृति में 20 वां विराट श्रीरामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंच संचालन का दायित्व पंडित वेदाचार्य महाराज संभालेगें। विद्वानो के व्याख्यान का 1 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया है।

# करोड़ों की संपत्ति के मालिक 'पटवारी-एसडीओ', करें जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭बाड़ी

20 वर्ष से पटवारी और एसडीओ इंजीनियर दो क्षेत्र में लाखों की कमाई कर रही है। लगभग 5 वर्ष में 200 एकड़ डूब क्षेत्र की भूमिका हो गया है, जिसे अधिकारियों ने अपनी कारगुजारी से लीज बुक में दर्ज कर दिया है। इस मामले की जांच हुई तो करोड़पति पटवारी का काला चिट्ठा सामने आ जाएगा। डूब क्षेत्र को कुबेर की नगरी कहते हैं जल जंगल जमीन से बना क्षेत्र का मिजाज बड़ा निराला है। जमीन की रसीद कट गई अनधिकृत व्यक्ति से 5000 एकड़ वसूली की जा रही है।

रिकॉर्ड में जमीन पानी में है और प्रभारी के रिकॉर्ड में जमीन पर अनाधिकृत व्यक्ति पर एकड़ के हिसाब से फर्जी रसीद काटकर राशि वसूल कर ली और अनाधिकृत बता कर जुर्माना भी वसूल कर लिया यह गोरख धंधा कई बरसों से चल रहा है। हम इस पूरे मामले में आपको तहकीकात के साथ बताते हैं। हमने डूब क्षेत्र का चप्पा-चप्पा घुमा लोगों की चर्चा कुछ रोमांचक्कारी मामले सामने आए जो हम आम जनता के सामने परोस रहे हैं ।

#### अनाधिकृत भूमि पर नलकूप के जंगल

कानून और नियम होते ही इसलिए हैं जिनका मजाक उड़ाया जाए प्रशासन और नौकरशाही नियम और कानून का हमेशा ही मजाक उड़ाते हैं। नियम समझने वाले जानते हैं कि नियमों का पालन नहीं किया जाता। नियम कानून की बात है तो यह जल संसाधन विभाग की बुक में ही दर्ज नहीं यहां पर तो लाखों कमाओ और हजारों लोगों को पर न्योछावर कर दो फिर कानून और नियम को देखने वाला कोई नहीं है।

#### 2 साल का प्रभारी पद 2 करोड़ कमाता है

एक एसडीओ क्षेत्र का प्रभारी बनाया जाए तो लोगों की बोली लगती है जो ज्यादा बोली लगता है उसे इस पद पर बिठा दिया । यहां पर बहुत सोना रखा है सिर्फ निकलने वाला चाहिए हर पल पर कमाई का जरिया है यानी एक सीजन पर एक करोड़ का मामला बनता है।

**16 दिसंबर से 26 जनवरी तक निकाली जाएगी संकल्प यात्रा**

# कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन




जिले में "विकसित भारत संकल्प यात्रा" 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा रही है। यह यात्रा नागरिकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ ही पात्रतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के लिए आयोजित की जा रही है। जिले में यात्रा के सफल आयोजन हेतु सभी अधिकारी पूरी लगन और निष्ठा के साथ उन्हें सौंपे दायित्वों का निर्वहन करें। यह निर्देश कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में संकल्प यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्धारित रूट चार्ट अनुसार निर्धारित दिवसों तथा स्थलों पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों का सुव्यवस्थित आयोजन किए जाने तथा इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यात्रा कार्यक्रमों के दौरान खेलकूद, विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं संस्कृति कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में भी जानकारी ली। साथ ही सम्पादित की जाने वाली गतिविधियों की पोर्टल पर इन्ट्री कराए जाने के संबंध में भी जानकारी लेते हुए निर्देश दिए। बैठक में अधिकारी मौजूद रहे।

# ठेकेदार नहीं दे रहा है मजदूरी के पैसे, कलेक्टर को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा टपरिया के निवासी धर्मेंद्र कुमार ने रायसेन कलेक्टर को आवेदन देकर अपनी मजदूरी दिलाने की गुहार लगाई है।

धर्मेंद्र कुमार ने बताया है कि मैं कई दिनों से दीवानगंज रेलवे स्टेशन पर रेलवे ओवरब्रिज बन रहा है। उसमें काम कर रहा था। ठेकेदार द्वारा मेरे मजदूरी के पैसे नहीं दिए जा रहे हैं। मैंने कई बार खंडवा का ठेकेदार जहीरूद्दीन है और भोपाल का रहने वाले ठेकेदार अमन सेहनीय से मजदूरी के पैसे मांगे तो वह कई दिनों से घूमा रहे हैं। कभी कहते हैं कि 2 महीने में ले लेने कभी कहते हैं कि 4 महीने में ले लेना। मजदूरी करते-करते मेरे ठेकेदार के ऊपर 36500 रुपए चढ़ चुके हैं।

ठेकेदार बार-बार मुझे घुमा रहा है। मेरी मजदूरी के पैसे नहीं मिलने से मेरे घर में घर चलाने का संकट खड़ा हो गया है। ठेकेदार द्वारा मुझे कई बार काम के लिए भोपाल भेजा गया तो कई बार रेलवे ओवरब्रिज पर लोहे उठाने धरने का काम दिया गया। मंगलवार को रायसेन कलेक्टर को आवेदन दिया है कि मेरी मजदूरी के पैसे ठेकेदार से दिलाया जाए ताकि मैं अपने घर का पालन पोषण कर सकूं।

# 67वीं राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिताओं में हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

बीरशेवा इंटरनेशनल स्कूल बाड़ी की छात्रा कुमारी वैष्णवी राय का 17 वर्ष बालिका वर्ग में हुआ चयन।

संभाग स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में 5 जिलों के 80 खिलाड़ियों ने सहभागिता की थी जिसमे जिले की टीम का प्रतिनिधित्व कर वैष्णवी राय ने अच्छा प्रदर्शन किया। जिसके चलते चयनित छात्रा अब 67वीं राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता शिवपुरी ग्वालियर में 15 दिसंबर से आयोजित होगी, जिसमें वैष्णवी राय भोपाल का प्रतिनिधित्व करेंगी।

प्राचार्या श्रीमती निशीथिका सिंह के साथ बीरशेवा परिवार ने वैष्णवी राय एवं कोच विवेक तिवारी, भगवान सिंह धाकड़ को बधाई देते हुए छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए दी विदाई।

### नगर के मां विजयासन मंदिर में किया गया कार्यक्रम आयोजित

# अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम हुआ

## पूर्व मंत्री रामपाल पूजित अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭सिलवानी

अयोध्या में बन रहे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश भर में पूजित अक्षत कलश भेजे जा रहे हैं। ताकि प्रत्येक सनातन परिवार इस आयोजन में भागीदार बन सके। इसके लिए अक्षत कलश के माध्यम से घर-घर निमंत्रण पहुंचाए जा रहे।

अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत कलश का गुरुवार को वितरण कार्यक्रम नगर के बिजासन माता मंदिर में रखा गया था। नगर में अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम रखा गया जिसमें 20 कलश वितरित किए जो कि सिलवानी खंड के 17 मंडल तीन बस्तियो एवं 135 ग्रामों के लिए पूजित अक्षत पहुंचने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में साधु संतों और विभिन्न हिंदूवादी संगठनों का प्रतिनिधित्व रहा आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश जैन प्रांत मंत्री विश्व हिंदू परिषद एवं राजेंद्र सिंह राजपूत जिला कार्यवाह आरएसएस बरेली, अमन जैन सह जिला कार्यवाह एवं अभियान के सह जिला संयोजक, खंड संयोजक मोहन मालवीय, रामकृष्ण रघुवंशी सह खंड संयोजक एवं महेश नामदेव और अनेक कारसेवक एवं विहिप, आरएसएस, भाजपा, भारतीय किसान संघ, विद्या भारती, हिंदू जागरण मंच सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर के प्रमाण प्रतिष्ठा महोत्सव में संपूर्ण देश की सहभागिता हो जिसके लिए यह पूजित अक्षत घर घर तक संघ एवं विहिप के कार्यकर्ता पहुंचायगे।

नगर के मॉ विजयासन मंदिर में आयोजित किए गए कार्यक्रम में विशेष रुप से पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, प्रांत मंत्री राजेश जैन, मठ मंदिर प्रमुख महेश नामदेव, जिला कार्यवाहक राजेंद्र राजपूत, सह कार्यवाहक अमन जैन, बरेली ग्रामीण विभाग के प्रमुख रामकृष्ण रघुवंशी सहित सभी मंडलो के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

#### सभी हिन्दू समाज एक साथ मनाएं इस उत्सव को : सिंह

*कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए राजेंद्र सिंह ने कहा की सन 1528 से लेकर के 2019 तक हिंदू समाज ने श्रीराम लला जन्मभूमि के लिए संघर्ष किए हैं जिसमें लाखों हिंदुओं ने अपना बलिदान दिया है। आज यह शुभ अवसर आया है कि अयोध्या में श्रीरामलला का भव्य मंदिर बन रहा है । 22 जनवरी को संपूर्ण हिंदू राष्ट्र एक महोत्सव के रूप में इस कार्यक्रम को संपन्न करेगा। 22 जनवरी को हर मंदिर में पूजन पाठ, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड होंगे एवं गली चौराहा गांव की साज सज्जा कर रात में दीपोत्सव मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी हिंदू समाज एक साथ आकर इस पवित्र अभियान में खड़ा होना चाहिए और 22 जनवरी के बाद लोगों को अयोध्या जाकर श्रीरामलला के मंदिर के दर्शन करना चाहिए। यहां पर कार सेवा में शामिल सेवकों का विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया ।*